

## राज्य खेल प्रतियोगिता में बालिकाएं चयनित



**निवाली।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संभाग स्तरीय व्हॉलीबाल क्रिड़ा प्रतियोगिता 29 से 30 अगस्त तक मंडलेश्वर में आयोजित की गई। जिसमें शा कन्या खेल परिसर निवाली की 4 छात्राओं का 14 वर्ष में शीतल चिंताराम, भारती गुमान, हिरली सुरेश और यशोदा शांतीलाल का चयन विभागीय राज्य क्रिड़ा प्रतियोगिता में हुआ है। प्रतियोगिता 6 सितम्बर को नर्मदापुरम में होगी। छात्राओं का चयन होने पर सहायक आयुक्त जेएस डामोर, जिला क्रिड़ा अधिकारी मुकेश मालवीय, संस्था प्राचार्य पीसी शर्मा एवं समस्त स्टॉफ ने बधाई दी। छात्राओं का चयन व्यायाम शिक्षक संजय चौधरी एवं खेल शिक्षिका सरस्वती ठाकुर के मार्गदर्शन में हुआ है।

## भड़काऊ गतिविधियों पर रोक एवं सख्त निगरानी

**बड़वानी।** जिले में शांति, सुरक्षा एवं सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने के लिए एसपी जगदीश डावर के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आगामी 2 माह के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। आदेश 2 माह तक प्रभावी रहेगा। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करता है और सभी से शांति-सौहार्द्र बनाए रखने की अपील करता है।

# प्राथमिक विद्यालय की स्थिति खस्ता

### छत से टपकता है पानी, फिर भी जारी है पढ़ाई, शिक्षक और बच्चें पढ़ाई से पहले करते हैं फर्श से पानी साफ







**पानसेमल, (नवभारत)।** विकासखंड के सकराली खुर्द में शासकीय प्राथमिक विद्यालय की स्थिति खस्ता नजर आई। जहां इन दिनों पढ़ाई से पहले बच्चे और शिक्षक विद्यालय में जमा पानी सार्फ करते नजर आए। बाल्टी और झाड़ू से पानी निकालते हुए दो वीडियो वायरल हो रहे हैं। सकराली खुर्द में करीब 20 से 25 साल पुराना शाप्रावि भवन जिसकी हालत इतनी जर्जर हो चुका है, जो अब बच्चों के लिए किसी मुसीबत से कम नहीं।

स्कूल टीचर ने बताया कि वे बारिश के दौरान विद्यालय लगने के पहले पानी निकालते हैं। छत से लगातार पानी टपकने से किताबें भी भीग जाती हैं, बच्चों को पढ़ाना मुश्किल हो जाता है। कई बार आवेदन दिया, सर्वे भी हुआ, लेकिन हालात जस के तस हैं। मरम्मत के नाम पर सालभर में जो राशि मिलती है उसमें सिर्फ दीवारों की पुताई हो सकती है, छत की मरम्मत नहीं। स्कूल में लगभग 25 बच्चे पढ़ते हैं। ग्रामीणों की मानें तो बीते दिनों राजस्थान में हुए स्कूल हादसे के बाद यहां के माता-पिता डरे हुए हैं, लेकिन मजबूरी में बच्चों को इसी खतरनाक भवन में बैठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार हमने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाला, ताकि प्रशासन जागे, लेकिन न कोई अधिकारी आया, न कोई जांच हुई। इस विषय पर तहसीलदार पानसेमल सुनील सिसोदिया से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि इस विषय को लेकर बीआरसी से चर्चा की है तथा उन्हें अन्य भवन में शाला लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही भवन की मरम्मत भी शीघ्र करने को कहा गया है।

### बीआरसी ने दिए निर्देश

- बीआरसी ने कहा अन्य भवन में शाला लगाने दिए है
- निर्देश। शिक्षक ने कहा बच्चों को

# भाजपा कार्यालय में हुआ सम्मान समारोह

**बड़वानी,।** मुख्यालय स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के तत्वावधान में विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्ध-घुमक्कड़ समाज के प्रमुख समाजजनों एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिलेभर से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। 50 होनहार विद्यार्थियों को भारत माता शील्ड तथा 50 प्रमुख समाजजनों को शाल एवं दुपट्टे से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अजय यादव, पूर्व मंत्री प्रेमसिंह पटेल, राज्यसभा सांसद डॉ सुमेरसिंह सिंह सोलंकी, विक्रम चौहान, राजेन्द्र भावसार, भगीरथ कुशवाह, भगवती प्रसाद शिंदे सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता, अतिथि एवं समाज प्रमुख हुकुम पवार, योगेश राठौड़, करण चौहान, संजय राठौड़, रामचंद्र राठौड़, ताराचंद नायक, मानसिंग राठौड़, रंजीत नायक, दिलप राठौड़, दिनेश जाधव, ईश्वर पवार, भगीरथ जाधव आदि उपस्थित थे।



# 71 सालों की सेवा यात्रा को मिली नई पहचान

### शिक्षा प्रसारक समिति के तत्वावधान में आयोजित हुआ शिक्षक सम्मान समारोह

**सेंधवा, (नवभारत)।** शिक्षा प्रसारक समिति के तत्वावधान में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि शक्तिसिंह परमार ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहींए बल्कि संस्कार और नवाचार का संगम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा ने नई चुनौतियां पैदा कींए लेकिन अब समय है कि बच्चों को मोबाइल से दूर कर भारतीय संस्कृति और मूल्य आधारित शिक्षा की ओर लौटाया जाए।



#### प्रेरणादायक विचार और सम्मानित शिक्षक

विशिष्ट अतिथि डा. नीलमेघ चतुर्वेदी ने छात्रों को अब्दुल कलाम, केआर नारायण और पीए संगमा के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में संगीता त्रिवेदी, सीमा पालीवाल, प्रीति गुप्ता, इंदिरा मालवीया, मुजफ्फर अली, दीपक तावडे, सीमा यादव, अरुण पाण्डे, संदीप पंवार, त्रिभुवन ठाकुर सहित कई शिक्षकों को शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों कन्हैया काले, मीना पंवार और सुनिता सोनी को भी सम्मानित किया गया।

#### 71 वर्षों की उपलब्धियां

संस्था अध्यक्ष बीएल जैन ने 71 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था से अब तक 300 से अधिक विद्यार्थी विदेशों में सेवाएं दे रहे हैं, जबकि हजारों विद्यार्थी देश में इंजीनियर, डॉक्टर और उद्योगपति बनकर पहचान बना रहे हैं।

#### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और आयोजन

विद्यालय के छात्रों ने गुरू सांदिपनि और जगत गुरू कृष्ण को समर्पित नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन तृषा गुप्ता और अलिफा साकले ने किया। अंत में उपाध्यक्ष रविन्द्रसिंह मण्डलोई ने आभार व्यक्त किया।

**एक नजर में** — महिला और पुरूषों ने लगाए बाबा के जयकारे, भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थे श्रद्धालु

# डोल ग्यारस पर नगर में निकाला चल समारोह



**नवभारत न्यूज़**
**निवाली 05 सितम्बर.** नगर में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी डोल ग्यारस के पावन अवसर पर बाबा श्री श्याम का चल समारोह निकाला गया। जो पुलिस थाना खेतिया रोड से होते हुए मुख्य मार्गों से होकर मंदिर चौक पहुंचा। इस चल समारोह में बाबा का विशेष श्रृंगार फूल-मालाओं से किया गया। वहीं बग्गी के ऊपर बाबा श्री श्याम का शीश व लड्डू गोपाल को विराजित कर आकर्षक श्रृंगार किया। जिसमें महिला एवं पुरुष निशान लेकर बाबा के जयकारे लगाते हुए चले रहे थे। वहीं श्रद्धालु भजनों पर थिरकते नजर आए। साथ ही जगह-जगह इस चल समारोह का पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया।



श्याम बाबा के चल समारोह में चल रहे लोगों को जल पिलाया गया। इस अवसर पर महा मनोकामनेश्वर मित्र मंडल खेतिया रोड, श्री साई मित्र मंडल डाक बंगला, बजरंग दल बस स्टैंड और श्री साक्षात मित्र मंडल सेंधवा रोड सहित नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया गया। वहीं बस स्टैंड पर बाबा श्री श्याम का आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत किया। चल समारोह में सैकड़ों महिलाएं और पुरुष श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

#### वितरित की प्रसादी

चौक में आरती कर प्रसादी वितरित की गई। साथ ही इस चल समारोह में पुलिस थाना एवं नगर परिषद की टीम ट्रैफिक सहित अन्य व्यवस्था को सुचारू करती रही।

**एक नजर में**

## मंदिरों से निकले श्री राधा कृष्ण के डोल



**महू.** झमाझम बरसात के बीच बुधवार को डोल ग्यारस पर्व के मौके पर भगवान श्री गणेश भगवान विसर्जन के लिए निकले, तो वहीं भगवान श्री कृष्ण भी ढोल में सवार होकर गौशाला तट पहुंचे, यहां भगवान की आरती कर डोल को वापस मंदिर तक लौटाया गया, जिसके बाद जगह-जगह प्रसादी वितरित की गई. इस दौरान बडी संख्या मे डोल के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर आए. बारिश के बावजूद भी डोल ग्यारस पर्व पर शहर में काफी उत्साह का माहौल है। महू क्षेत्र में इस दिन गणेश विसर्जन भी किया जाता है. सुबह से ही लोग गणेश मूर्तियों के विसर्जन के लिए तैयारियां कर रहे थे और दोपहर से गणेश मूर्तियां लेकर विसर्जन के लिए निकलने को तैयार थे.. लेकिन लगातार तेज बारिश ने भी लोगो के उत्साह को मायूस नहीं होने दिया। देर शाम जैसे ही बारिश थमी तो शहर के आसपास के तालाबों और नदियों पर लोगों का सैलाब उमड़ा। इसके लिए प्रशासन ने व्यवस्था की. काकड़पुरा तालाब और गौशाला घाट के पास नगर परिषद के लोग भी मौजूद रहे। हालांकि यहां पीओपी की मूर्तियों को भी विसर्जित किया गया, लेकिन नगर परिषद के कुछ कर्मी इन्हें निकालकर वापस ट्राली में रख रहे थे। इन्हें बाद में व्यवस्थित तरीके से विसर्जित किया गया.

## ठाकुर किसान कांग्रेस के ज़िला अध्यक्ष



**महू.** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी जी एवं किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान की अनुशंसा पर इन्दौर जिले में अपनी मजबूत पैठ जमाने वाले युवाओं, किसानों की बुलंद आवाज़ जीतू ठाकुर पूर्व जिला पंचायत सदस्य को किसान कांग्रेस का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया. इनकी नियुक्ति पर राऊ, महू, साँवेर एवं देपालपुर विधानसभा के कांग्रेसजनों ने पुष्प माला पहनाकर फ़ोन एवं सोशल मीडिया के मध्यम से हर्ष व्यक्त कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की.

## जिला अध्यक्ष बनने पर ठाकुर का स्वागत



**महू.** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितु पटवारी द्वारा किसान कांग्रेस में इंदौर ग्रामीण अध्यक्ष पद पर जितु ठाकुर को नियुक्त किया गया. इसके बाद हासलपुर में नवनियुक्त जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जितु ठाकुर का स्वागत किया गया. इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कन्हैयालाल ठाकुर, गोविंद टेलर, धर्मेंद्र सिंह चौहान, विष्णु मुलचंद यादव, रविशंकर मीणा, पंकज मीणा, भगवान सिंह ठाकुर, लखन सिंह दरबार आदी ने तिलक लगा कर स्वागत किया गया.

## महू गुरु द्रोण अवार्ड कल

**महू.** शिक्षक दिवस के अवसर पर 101 वरिष्ठ गुरुओं का सम्मान किया जाएगा. सामाजिक विचार मंच, रोटरी क्लब, भूतपूर्व सैनिक संगठन, रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट और इनरव्हील क्लब के द्वारा पांच सितम्बर को महू गुरु द्रोण अवार्ड समारोह आयोजित किया जा रहा है.

# अनवर आठ सितंबर तक पुलिस रिमांड पर

- फाइनेंशियल सोर्स और नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस
- नेपाल कनेक्शन और टूटे मोबाइल की पड़ताल, कादरी से पूछताछ जारी

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** लव जिहाद फंडिंग मामले के आरोपी अनवर कादरी से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है. अदालत ने उसका रिमांड बढ़ाकर आठ सितंबर तक कर दिया है, यानी अब पांच दिन और वह पुलिस हिरासत में रहेगा. इस दौरान जांच एजेंसियां उसके फाइनेंशियल सोर्स, नेटवर्क और फंडिंग चैनल की गहराई से पड़ताल करेंगी.

पुलिस की पूछताछ में अब तक सामने आया है कि कादरी फरारी के दौरान नेपाल भाग गया था. वहां वह काठमांडू के एक होटल में रुका, जिसका भुगतान उसकी बेटी आयशा ने ऑनलाइन किया. इसी दौरान उसकी पत्नी भी दो बार नेपाल जाकर उससे मिली. जांच में खुलासा हुआ कि कादरी के पास दो मोबाइल थे, जिनमें से एक उसने तोड़कर नागपुर में फेंक दिया. पुलिस को आशंका है कि उसमें अहम डेटा हो सकता है, जिसे तलाशने के लिए टीम नागपुर भेजी जाएगी. कादरी के संपर्क में आए कुछ और नाम भी सामने आए हैं, जिनकी सिम का इस्तेमाल वह और उसकी बेटी कर रहे थे. पुलिस अब इन लोगों की भूमिका और फंडिंग नेटवर्क से उनके जुड़ाव की जांच कर रही है. अधिकारियों का कहना है कि रिमांड अवधि में कई और राज खुलने की उम्मीद है.

## युवक ने फांसी लगाई, पुलिस जांच जारी



**इंदौर.** पारिवारिक विवाद और बेरोजगारी से परेशान होकर युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी. मामले में पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है. घटना तुकोगंज थाना क्षेत्र की है, जहां 40 वर्षीय नरेश पुत्र लालचंद शाक्यवार ने रात घर में फांसी लगा ली, नरेश पेशे से पेंटर था. देर रात मां ने उसे फंदे पर लटका देखा और तुरंत परिजनों व पड़ोसियों को सूचना दी. परिजन उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन बचाया नहीं जा सका. मामले में पुलिस जांच कर रही है.

## चलती कार में लगी आग, कारोबारी की बाल-बाल बची जान

**इंदौर.** शहर के व्यस्त कलेक्टोरेट चौराहे पर एक बड़ा हादसा टल गया. घर लौट रहे कारोबारी की कार अचानक धुआं छोड़ने लगी और देखते ही देखते आग की लपटों में घिर गई. गनीमत रही कि चालक समय रहते कूद गया और उसकी जान बच गई.

लालाराम नगर निवासी कारोबारी मंगेश अग्रवाल अपनी कार से घर जा रहे थे. चौराहे के पास गाड़ी से धुआं उठते ही उन्होंने तुरंत कार रोक दी और बाहर निकल आए, तभी इंजन में आग भड़क गई. आसपास मौजूद लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटें और फैल गईं. सूचना पर पहुंचे फायरकर्मियों ने केमिकल से आग पर काबू पाया. घटना के चलते चौराहे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई थी, मामले में पुलिस जांच कर रही है.


## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)
(CIN-L65110TN2014PLC097792)
रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031
फोन : +914445644000, फैक्स: +914445644022

### वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 57712095 | संपत्ति के बदले ऋण | 08.08.2025 | 4,64,511.93/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं के नाम:** 1. सुनील गुर्जर 2. टीना सुनील

**संपत्ति का पता:** एक मंजिला आरसीसी निर्मित मकान का वह पूरा टुकड़ा पंचायत अभिलेखों के अनुसार, यह मकान संख्या 93 (तिरानबे) के अंतर्गत, ग्राम मालाखेड़ी, तहसील खाचरोद, जिला उज्जैन में स्थित है। मकान की कुल लंबाई पश्चिम से पूर्व की ओर 25 (पच्चीस) फीट और दक्षिण से उत्तर की ओर 36 (छत्तीस) फीट है, जिससे कुल क्षेत्रफल 900 (नौ सौ) वर्ग फीट है। 83.64 (तिरासी दशमलव छह चार) वर्ग मीटर, और, इस प्रकार घिरा हुआ: पूर्वः खाली जगह, पश्चिमः सार्वजनिक सड़क, उत्तरः मदनलाल का घर, दक्षिणः कमल सिंह का घर

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध एसएआरएफएईएसआई अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

दिनांक: 05.09.2025
स्थान: मध्यप्रदेश

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)



CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED

## कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड

पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013, सर्कल ऑफिस पता - 9 बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली - 110060

### मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के अंतर्गत, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अंतर्गत कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के प्राधिकृत अधिकारी हैं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता(ओं)") को उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशियों को चुकाने के लिए कहा गया है, जो नीचे भी दिए गए हैं। उपरोक्त के संबंध में, उक्त ऋणी(यों) को एक बार फिर सूचित किया जाता है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर, नीचे उल्लिखित राशियाँ, साथ ही नीचे उल्लिखित तिथि(यों) से भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू ब्याज, उक्त ऋणी(यों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हों, के साथ पठित ऋण समझौते के अंतर्गत देय, सीजीसीएल को अदा करें। ऋण की उचित अदायगी हेतु प्रतिभूति के रूप में, उक्त ऋणी(यों) द्वारा निम्नलिखित संपत्तियाँ क्रमशः सीजीसीएल के पास गिरवी रखी गई हैं।

| स. क्र. | उधारकर्ता (ओं)/ गारंटर (ओं) का नाम | मांग नोटिस की तिथि और राशि | सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण खाता संख्या) NMESHA000120195 (पुराना) 80300005850778 (नया) LNME50173LX30000534, (पुराना) 80300007791139, (नया) (शामगढ़ शाखा) श्री भरत कुमार चौधरी (उधारकर्ता) श्रीमती ममता बाई (सह- धारकर्ता) | 12.08.2025 रु. 32,39,437/- (12.08.2025 तक) | **संपत्ति संख्या 1:** भूमि और भवन का वह पूरा टुकड़ा जो संपत्ति है, जिसका क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट है, सर्वे संख्या 254/2 पैकी, पटवारी हल्का संख्या 03, वार्ड संख्या 03, ग्राम धुधाखेड़ी, तहसील भानपुरा, जिला मंदसौर, मध्य प्रदेश 458775 पर स्थित है, जिसकी सीमा इस प्रकार हैः उत्तरः धुधाखेड़ी माताजी रोड, दक्षिणः सर्वे की शेष भूमि। पूर्वः जीवन भाई पाटीदार की भूमि, पश्चिमः सुधा चौधरी की भूमि। **संपत्ति संख्या 2:** भूमि और भवन का वह पूरा टुकड़ा जो संपत्ति है, जिसका क्षेत्रफल 630 वर्ग फुट है, सर्वे संख्या 2 पर स्थित है। 254/2/मिनट-1/ मिनट-1, पटवारी हल्का नंबर 22, वार्ड नंबर 03, ग्राम धुधाखेड़ी, तहसील भानपुरा, जिला मंदसौर, मध्य प्रदेश 458775, सीमा इस प्रकार हैः उत्तरः विक्रेता का घर, दक्षिणः गढ़ी गदर, पूर्वः कारूलाल जी पाटीदार की भूमि, पश्चिमः भेरूलाल का प्लॉट |
| 2. | (ऋण खाता संख्या) LNMEINR000082085 (पुराना) 80400005772597 (नया) LNMEINR000104581 (पुराना) 80300005776722 (नया) (इंदौर शाखा) श्री डूंगर सिंह (उधारकर्ता) श्रीमती सुनीता चौहान (सह-उधारकर्ता) | 11.08.2025 रु. 32,54,157/- (02.08.2025 तक) | सर्वे नंबर 221/1, पी.एच.क्रमांक 58, की भूमि के सभी टुकड़े और पार्सल सीरियल नंबर 02, ग्राम मुहादियालम, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन, मध्य प्रदेश 456337, माप क्षेत्रफल - 0.20 हेक्टेयर। सीमाः पूर्व में: राम सिंह गिरिवर सिंह की संपत्ति, पश्चिम में: मनोहर सिंह राजपूत की जमीन, उत्तर में: सड़क, दक्षिण में: राम सिंह - गिरिवर सिंह की संपत्ति |
| 3. | (ऋण खाता संख्या) LNME50161LX30001958 (पुराना) 80400015621914 (नया) (खातेगांव शाखा) श्री गंभीर सुतार (उधारकर्ता) श्रीमती भूरी बाई (सह-उधारकर्ता) | 14.08.2025 रु. 20,34,872/- (02.08.2025 तक) | वार्ड क्रमांक 1 में स्थित मकान सहित भूमि और भवन का पूरा टुकड़ा, क्षेत्रफल 4320 वर्ग फुट। पीएच क्रमांक 29, ग्राम देवला, तहसील खातेगांव, जिला - देवास, मध्य प्रदेश - 455336। सीमाः पूर्व में: सरकारी रास्ता, पश्चिम में: राजेंद्र की जमीन, उत्तर में: रामकिशोर गोदारा का मकान, दक्षिण में: कमल किशोर चौबे का मकान |
| 4. | (ऋण खाता संख्या) LNMEIN3000122095 (पुराना) 80300005750597 (नया) LNMEIN3000165365 (पुराना) 80300005758711 (नया) (इंदौर शाखा) श्री लखन मीणा (उधारकर्ता) श्रीमती माया बाई (सह-उधारकर्ता) | 07.08.2025 रु. 26,05,362/- (02.08.2025 तक) | आवासीय संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा जिसमें मकान क्रमांक 92 सहित भूमि और भवन शामिल हैं, क्षेत्रफल 1625 वर्ग फुट। गाँव- थुरिया, पुलिस चौकी क्रमांक 07, तहसील कन्नौद, जिला-देवास, मध्य प्रदेश 455332। सीमाः पूर्व में बनवारी चौबे का घर, पश्चिम में कमल मीणा की जमीन, उत्तर में मुख्य सड़क, राष्ट्रीय मार्ग रास्ता, दक्षिण में स्वयं की जमीन। |
| 5. | (ऋण खाता संख्या) LNMEIN1000102811 (पुराना) 80300005661317 (नया) (इंदौर शाखा), श्री संजय अंबिया (उधारकर्ता) श्रीमती, वंदना बाई, श्रीमती माया बाई, श्री भैयालाल पुत्र रामेश्वर, श्री कैलाश पुत्र नारायण (सह-उधारकर्ता) | 07.08.2025 रु. 33,66,744/- (06.08.2025 तक) | संपत्ति क्रमांक 1: भूखंड क्रमांक 150 पर स्थित मकान सहित पूरी जमीन और भवन, जिसका क्षेत्रफल 3528 वर्ग फुट है, पटवारी हल्का क्रमांक 50, ग्राम धसगांव, तहसील सनावद, जिला खरगांव, पश्चिम निमाड़, मध्य प्रदेश 451111। सीमाः पूर्व में आम सड़क, पश्चिम में सरकारी स्कूल, उत्तर में कड़वाजी का घर, दक्षिण में भैयालाल का घर। संपत्ति क्रमांक 2: भूखंड क्रमांक 151 पर स्थित मकान सहित पूरी जमीन और भवन, जिसका क्षेत्रफल 1764 वर्ग फुट है, पटवारी हल्का क्रमांक 50, ग्राम धसगांव, तहसील सनावद, जिला खरगाँव, पश्चिम निमाड़, मध्य प्रदेश-451111। सीमाः पूर्व में सार्वजनिक सड़क, पश्चिम में सरकारी स्कूल, उत्तर में संजय का मकान, दक्षिण में शेष निजी भूमि। |
| 6. | (ऋण खाता संख्या) LNMERT1000144076 (पुराना) 80900005799421 (नया) (रतलाम शाखा) श्री विजय तुलसानी (उधारकर्ता), श्रीमती निर्मला तुलसानी, श्रीमती सावित्री तुलसानी (सह-उधारकर्ता) | 07.08.2025 रु. 26,29,258/- (06.08.2025 तक) | भूमि और भवन का पूरा टुकड़ा, मकान संख्या 386, जवाहर मार्ग, मुख्य सड़क, नागदा, जैन कॉलोनी, वार्ड संख्या 12, नागदा, मध्य प्रदेश 456335। सीमाः खसरा संख्या 170/7, 171/7, 172/7, पूर्व में विक्रेता की संपत्ति, पश्चिम में आरएस दुबे की संपत्ति, उत्तर में महंगू की संपत्ति, दक्षिण में सड़क। |

यदि उक्त उधारकर्ता सीजीसीएल को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो सीजीसीएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अंतर्गत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगा, जिसकी लागत और परिणामों का जोखिम पूरी तरह से उक्त उधारकताओं का होगा। अधिनियम के तहत, उक्त उधारकताओं को सीजीसीएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा, उपरोक्त परिसंपत्तियों को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के तहत बनाए गए एक्टर नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, उसे अधिनियम के तहत कारावास और/या दंड का सामना करना पड़ेगा।

स्थान: इंदौर
दिनांक: 05/09/2025

एसडी/- (प्राधिकृत अधिकारी)
कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल ) के लिए